# Entrance Test for B.Ed. Programme 2007
# बी.एड. कार्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 2007

***Total No. of Questions = 100*** ***Time : 120 Minutes***

***कुल प्रश्नों की संख्या = 100*** ***समय : 120 मिनट***

The test booklet consists of two parts A & B, the total number of test items will be 100 of one mark each.

परीक्षा पुस्तिका दो भागों में विभक्त है, अ और ब, परीक्षा मदों की कुल संख्या 100 है जो प्रत्येक एक अंक का है ।

| | **Subject**<br>**विषय** | **No. of Questions**<br>**प्रश्नों की संख्या** | **Marks**<br>**अंक** | **Time**<br>**समय** |
|---|---|---|---|---|
| **Part A**<br>**भाग अ** | | | | |
| Section I<br>खण्ड I | General English Comprehension<br>सामान्य हिन्दी बोध | 10 | 10 | Composite time of two hours<br>संयुक्त समय दो घंटे |
| Section II<br>खण्ड II | Logical & Analytical Reasoning<br>तार्किक एवं विश्लेषणात्मक चिन्तन | 20 | 20 | |
| Section III<br>खण्ड III | Educational & General Awareness<br>शैक्षिक एवं सामान्य चेतना | 25 | 25 | |
| Section IV<br>खण्ड IV | Teaching-Learning and the School<br>शिक्षण-अधिगम एवं विद्यालय | 25 | 25 | |
| **Part B**<br>**भाग ब** | * Subject Competence (any ***one***)<br>विषयगत सक्षमता (कोई **एक**) | 20 | 20 | |
| Section V<br>खण्ड V | (i) Science<br>विज्ञान<br>(ii) Mathematics<br>गणित<br>(iii) Social Science<br>सामाजिक विज्ञान<br>(iv) English<br>अंग्रेजी<br>(v) Hindi<br>हिन्दी | | | |

***NOTE : Any one subject is to be attempted from Part B.**

**नोट : भाग ब से कोई एक विषय करना है ।**

Read the instructions given on the OMR Response Sheet carefully before you start.

शुरू करने से पहले OMR उत्तर-पत्र पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ कार्य के लिए जगह

## HOW TO FILL UP THE INFORMATION ON THE OMR RESPONSE SHEET (EXAMINATION ANSWER SHEET)

## OMR उत्तर-पत्र पर सूचना भरने के निर्देश

1. Write your complete Enrolment No. in 9 digits. Also write your correct name, address with Pin Code in the space provided. Put your signatures on the OMR Response Sheet with date. Ensure that the Invigilator in your examination hall also puts his signatures with date on the OMR Response Sheet at the space provided. You should use HB Pencil.

   अपनी पूरी नामांकन संख्या (एनरोलमेंट नम्बर) 9 अंकों में लिखिए । दिये गये स्थान में अपना सही नाम व पिन कोड सहित पता भी लिखिए । OMR उत्तर-पत्र पर तिथि सहित अपने हस्ताक्षर कीजिए । यह भी सुनिश्चित कर लीजिए कि आपके परीक्षा कक्ष के निरीक्षक ने OMR उत्तर-पत्र पर दिए गये स्थान पर तिथि सहित हस्ताक्षर कर दिये हैं । आपको HB पेंसिल का प्रयोग करना चाहिए ।

2. All information is to be filled up with HB Pencil. The circles corresponding to the digit are to be darkened with an HB pencil.

   पूरी सूचना HB पेंसिल द्वारा भरी जानी चाहिए । अंकों के संगत वृत्तों को HB पेंसिल से ही काला करना है ।

3. Do not make any stray remarks on this OMR Response Sheet.

   इस OMR उत्तर-पत्र पर कोई अवांछित टिप्पणियाँ या निशान नहीं लगाइए ।

4. Write correct information in numerical digit in Enrolment No. and Examination Centre Code columns. The corresponding circles should be dark enough and should be filled in completely.

   नामांकन संख्या और परीक्षा केन्द्र कोड वाले कॉलमों में अंकों में सही सूचना लिखिए । संगत वृत्त पर्याप्त गहरे होने चाहिए और पूरी तरह से भरे हुए होने चाहिए ।

5. Each question is followed by four (or less) probable answers, which are numbered 1, 2, 3 and 4. You should select and show only one answer to each question considered by you as the most appropriate or the correct answer. Select the most appropriate answer. Then by using HB pencil, blacken the circle bearing the correct answer number against the serial number of the question. If you find that answer to any question is none of the four alternatives given under the question you should darken the circle '0'.

प्रत्येक प्रश्न के बाद चार (या कम) संभावित उत्तर हैं, जो 1, 2, 3 तथा 4 द्वारा निरूपित किये गये हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए आपको केवल एक उत्तर चयनित करके निर्दिष्ट करना चाहिए जिसे आप सर्वाधिक उचित या सही उत्तर मानते हैं । सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए । तत्पश्चात् HB पेंसिल के प्रयोग द्वारा प्रश्न के क्रमांक के सामने सही उत्तर संख्या वाले वृत्त को काला कीजिए । यदि आप पाते हैं कि प्रश्न के नीचे दिये चार विकल्पों में से कोई भी सही उत्तर नहीं है तो आपको वृत्त '0' को काला करना चाहिए ।

6. If you wish to change your answer, ERASE completely the already darkened circle by using a good quality eraser and then blacken the circle bearing your revised answer number. If incorrect answer is not erased completely, smudges will be left on the erased circle and the question will be read as having two answers and will be ignored for giving any credit.

   यदि आप कोई उत्तर को बदलना चाहें, तो पहले से ही काले किये वृत्त को एक अच्छी गुणवत्ता वाले रबर से पूरी तरह मिटा दीजिए और संशोधित उत्तर संख्या वाले वृत्त को काला कीजिए । यदि गलत उत्तर को पूरी तरह नहीं मिटाया गया तो मिटाये गये वृत्त में कुछ निशान रह जायेंगे और प्रश्न के दो उत्तर दिये हुए माने जायेंगे और अंक गिनते समय वह अस्वीकार किया जायेगा ।

7. No credit will be given if more than one answer is given for one question. Therefore, you should select the most appropriate answer.

   यदि एक प्रश्न के लिये एक से अधिक उत्तर दिया जायेगा तो कोई अंक नहीं दिये जायेंगे । इसलिए आपको सर्वाधिक उचित उत्तर का चयन करना चाहिए ।

8. You should not spend too much time on any one question. If you find any particular question difficult, leave it and go to the next. If you have time left after answering all the questions, you may go back to the unanswered ones.

   किसी एक प्रश्न पर अधिक समय नहीं लगाइए । यदि आपको कोई विशिष्ट प्रश्न कठिन लगता है, तो उसे छोड़कर अगले पर जाइए । पूरे प्रश्नों का उत्तर देने के बाद यदि आपके पास समय है, तो आप उन प्रश्नों पर वापस जा सकते हैं जिसका आपने उत्तर नहीं दिया है ।

9. **Only one subject is to be attempted from PART B.**
**भाग ब से केवल एक ही विषय करना है ।**

You will attempt the questions as under :
आपको प्रश्न निम्नानुसार करने हैं :

| **Sl. No.** **क्रमांक** | **Subject** **विषय** | **No. of Questions** **प्रश्नों की संख्या** |
|---|---|---|
| (i) | Science<br>विज्ञान | Q. Nos. 81 to 100<br>प्रश्न संख्या 81 से 100 |
| (ii) | Mathematics<br>गणित | Q. Nos. 101 to 120<br>प्रश्न संख्या 101 से 120 |
| (iii) | Social Science<br>सामाजिक विज्ञान | Q. Nos. 121 to 140<br>प्रश्न संख्या 121 से 140 |
| (iv) | English<br>अंग्रेजी | Q. Nos. 141 to 160<br>प्रश्न संख्या 141 से 160 |
| (v) | Hindi<br>हिन्दी | Q. Nos. 161 to 180<br>प्रश्न संख्या 161 से 180 |

## GENERAL INSTRUCTIONS

## सामान्य निर्देश

1. No cell phones, calculators, books, slide-rules, note-books or written notes, etc. will be allowed inside the examination hall.
परीक्षा कक्ष के अन्दर कोई सेल फोन, कैल्कुलेटर, पुस्तकें, स्लाइड-रूल, नोट-बुक या लिखित नोट इत्यादि लाने की अनुमति नहीं है ।

2. You should follow the instructions given by the Centre Superintendent and by the Invigilator at the examination venue. If you violate the instructions you will be disqualified.
परीक्षा स्थल पर आपको केन्द्र अधीक्षक और निरीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना है । यदि आप उनके निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य घोषित किया जायेगा ।

3. Any candidate found copying or receiving or giving assistance in the examination will be disqualified.
परीक्षा में यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए या सहायता देते हुए या प्राप्त करते हुए पाया गया तो उसे अयोग्य घोषित किया जायेगा ।

4. The Test Booklet and the OMR Response Sheet (Answer Sheet) would be supplied to you by the Invigilators. After the examination is over, you should hand over the OMR Response Sheet to the Invigilator before leaving the examination hall. Any candidate who does not return the OMR Response Sheet will be disqualified and the University may take further action against him/her.
आपको निरीक्षकों द्वारा परीक्षा पुस्तिका और OMR उत्तर-पत्र दिये जायेंगे । परीक्षा के समाप्त होने पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पहले आपको OMR उत्तर-पत्र निरीक्षक को सौंप देना चाहिए । जो परीक्षार्थी अपने OMR उत्तर-पत्र को नहीं लौटाता है, उसे अयोग्य घोषित किया जायेगा और विश्वविद्यालय उसके विरुद्ध आगे कार्यवाही करेगा ।

5. All rough work is to be done on the test booklet itself and not on any other paper. Scrap paper is not permitted. For arriving at answers you may work in the margins, make some markings or underline in the test booklet itself.
सभी रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका पर ही किया जायेगा और किसी अन्य कागज पर नहीं । कागज के कोई अन्य टुकड़ों की अनुमति नहीं है । उत्तरों तक पहुँचने के लिये आपको परीक्षा पुस्तिका में मार्जिनों में काम करने, कुछ निशान लगाने या उसमें रेखांकित करने की अनुमति है ।

6. The University reserves the right to cancel scores of any candidate who impersonates or uses/adopts other malpractices or uses any unfair means. The examination is conducted under uniform conditions. The University would also follow a procedure to verify the validity of scores of all examinees uniformly. If there is substantial indication that your performance is not genuine, the University may cancel your score.
विश्वविद्यालय किसी ऐसे परीक्षार्थी के प्राप्तांक निरस्त करने का अधिकार रखती है जो छद्‌मरूप धारण करता है या कोई अन्य दुराचार अपनाता है या प्रयोग करता है या अनुचित साधन प्रयोग करता है । परीक्षा एकसमान स्थितियों के अधीन संचालित की जा रही है । विश्वविद्यालय सभी परीक्षार्थियों के प्राप्तांकों की मान्यता एकसमान रूप से जाँचने की क्रियाविधि अपनायेगी । यदि पर्याप्त संकेत है कि आपका निष्पादन असली नहीं है, तो विश्वविद्यालय आपके प्राप्तांक निरस्त कर सकती है ।

7. Candidates should bring their hall tickets duly issued by the Registrar. In the event of your qualifying the Entrance Test, this hall ticket should be enclosed with your admission form while submitting it to the University for seeking admission in B.Ed. Programme along with your testimonials and programme fee. Admission forms received without hall ticket in original will be summarily rejected.
परीक्षार्थियों को कुल सचिव द्वारा जारी किया गया हाल टिकट लाना चाहिए । यदि आप प्रवेश परीक्षा में योग्य घोषित किये जाते हैं तो बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय में अपने प्रमाण-पत्र व प्रोग्राम शुल्क देते हुए आपको प्रवेश फॉर्म के साथ इस हाल टिकट को संलग्न करना चाहिए । जो प्रवेश फॉर्म बिना मूल हाल टिकट के प्राप्त किये जायेंगे उन्हें सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

## PART A

## SECTION I : GENERAL ENGLISH COMPREHENSION

***Directions (1 – 10)** : Read the following passage carefully and pick out the best answer out of the four choices given in the questions that follow :*

Great thinkers, though universal in their teachings, can be properly understood only in relation to their times. Buddha has been widely misunderstood. He has been widely acclaimed by positivists, agnostics, atheists, and ethical humanists, as preaching their philosophy. Buddha's teachings can be correctly appreciated by understanding India of the $6^{th}$ century B.C. in which he lived and this is a difficult task.

In the $6^{th}$ century India, there were different schools of thought but all the schools agreed on transmigration of souls, the philosophy of Karma and man's final goal of Nirvana. Buddha accepted these doctrines though he denied dogmatic theologies. But Buddha's contribution was the emphasis on the supremacy of the ethical. He laid stress on the need for pacifying the heart and following the moral law. Suffering could be ended by silencing the appetites of the body and exercising rigid control over our emotions.

Buddha was interested, not in God but in man and human effort. Human beings could raise themselves even to divinity by their efforts. Even though lacking devotional elements, Buddha's teachings are essentially religious. Buddha combined in himself spiritual profundity, moral strength and discreet intellectual reserve. With the lapse of time his service to humanity is being increasingly appreciated. His message has a meaning for all time.

**1.** Great thinkers can be properly understood by

(1) understanding India of the $6^{th}$ century B.C.

(2) understanding them in relation to the period they lived in

(3) correctly appreciating Buddha's teachings

(4) reading and understanding their thought and philosophy

**2.** According to the passage

(1) Buddha did not accept the doctrines prevalent in his times

(2) Buddha did not contribute much to ethics

(3) Buddha did not believe in dogmatic theologies

(4) The doctrine of Karma was not accepted in Buddha's times

## भाग अ

## खण्ड I : सामान्य हिन्दी बोध

***निर्देश** (1 – 10) : निम्नलिखित परिच्छेद को सावधानीपूर्वक पढ़कर उस पर दिए गए प्रश्नों के उत्तरों के चार विकल्पों में से सबसे सही उत्तर चुनिए ।*

ऐसे महान् चिन्तकों, को जिनकी शिक्षाएँ, वैश्विक हैं, अपने समय के संदर्भ से ही समझा जा सकता है । बुद्ध को व्यापक रूप में ग़लत समझा गया है । व्यवहारवादियों, अज्ञेयवादियों, निरीश्वरवादियों तथा नैतिक मानवतावादियों ने उन्हें अपने दर्शन का प्रचार करने वाला माना है । बुद्ध की शिक्षाओं को भारत की ईसा-पूर्व छठी शताब्दी को समझकर ही ठीक प्रकार से समझा जा सकता है क्योंकि उनका आविर्भाव उसी शताब्दी में हुआ था किन्तु ऐसा करना अपेक्षाकृत कठिन कार्य है ।

ईसा-पूर्व छठी शताब्दी के भारत में बहुत प्रकार की विचारधाराएँ और सम्प्रदाय थे तथापि सभी सम्प्रदाय आत्मा के पुनर्जन्म, कर्म के दर्शन एवं मानव के चरम लक्ष्य निर्वाण के विषय में सहमत थे । बुद्ध ने इन सिद्धान्तों को स्वीकार किया है, यद्यपि उन्होंने धार्मिक सिद्धान्तवाद को अस्वीकार किया है, किन्तु उनका योगदान नैतिकता तथा सदाचार की उत्कृष्टता को महत्त्वपूर्ण मानने में था । उन्होंने हृदय को शान्ति प्रदान करने की आवश्यकता तथा नैतिकता के नियमों के अनुसरण पर विशेष बल दिया । दुःखों का अन्त शरीर की भूख को शान्त करने तथा हमारे संवेगों पर दृढ़ता से नियंत्रण करने से हो सकता है ।

बुद्ध की रुचि ईश्वर में नहीं थी बल्कि मनुष्य और मानव-प्रयासों में थी । अपनी साधना और अपने प्रयत्नों से मानव अपने आपको देवत्व की ऊँचाई तक उठा सकता है, यद्यपि भक्ति-सम्बन्धी तत्त्वों के बिना भी बुद्ध की शिक्षाएँ मुख्य रूप से धार्मिक हैं । बुद्ध के अन्दर आध्यात्मिक गहराई, नैतिक दृढ़ता तथा बौद्धिक स्पष्टता का भण्डार समाहित है । समय के व्यतीत होने के साथ-साथ उनके द्वारा की गई मानवता की सेवा का विश्वव्यापी समादर हो रहा है । उनका संदेश सभी काल के लिए सार्थक है ।

**1.** महान् विचारकों को ठीक से किसके द्वारा समझा जा सकता है ?

(1) ई.पू. छठी शताब्दी के भारत को समझने से

(2) जिस काल में वे रहे हैं उस काल की सापेक्षता में उन्हें समझने से

(3) बुद्ध की शिक्षाओं का ठीक-ठीक समादर करने से

(4) उनके विचारों और दर्शन का अध्ययन करने तथा समझने से

**2.** परिच्छेद के अनुसार

(1) बुद्ध ने उन सिद्धान्तों को स्वीकार नहीं किया जो उनके समय प्रचलन में थे

(2) बुद्ध का नैतिक शास्त्र में अधिक योगदान नहीं है

(3) बुद्ध का विश्वास हठवादी सैद्धान्तिक दर्शन में नहीं था

(4) बुद्ध के समय कर्म का सिद्धान्त स्वीकार नहीं किया गया था

3. Right control over emotions will

(1) end suffering

(2) make one supreme

(3) lead to dogmatism

(4) bring one closer to God

4. Buddha gave more importance to

(1) God and not human beings

(2) Human beings as well as God

(3) Neither God nor human beings

(4) Human beings and not God

5. According to the passage, can Buddha's teachings be called religious ?

(1) No, because he did not teach about God

(2) Yes, certainly

(3) No, because his teachings lack devotional elements

(4) There is confusion about this aspect

6. The different schools of thought prevalent in Buddha's times believed in

(1) Transmigration of souls (2) Doctrine of Karma

(3) Nirvana (4) All the above

7. Buddha laid stress on

(1) devotion to God (2) rituals

(3) prayer (4) ethics and moral law

8. According to the passage, Buddha's teachings are essentially religious because of

(1) spiritual depth

(2) moral strength

(3) not being purely intellectual

(4) All the above

9. "His message has a meaning for all time." This is a

(1) simple sentence (2) complex sentence

(3) compound sentence (4) phrase

10. In the sentence "Buddha's teachings are essentially religious" the word 'essentially' is a

(1) noun (2) verb

(3) adjective (4) adverb

3. संवेगों पर उचित नियंत्रण से होगा

(1) दुःखों का अन्त

(2) सर्वश्रेष्ठ और सर्वोच्च बनेंगे

(3) हठधर्मिता को बढ़ावा मिलेगा

(4) व्यक्ति ईश्वर की सन्निकटता प्राप्त करेगा

4. बुद्ध ने अधिक महत्त्व प्रदान किया

(1) ईश्वर को न कि मनुष्य को

(2) मनुष्य तथा ईश्वर दोनों को

(3) न ईश्वर को और न मनुष्य को

(4) मनुष्य-मात्र को न कि ईश्वर को

5. परिच्छेद के अनुसार, क्या बुद्ध की शिक्षाओं को धार्मिक कहा जा सकता है ?

(1) नहीं, क्योंकि उन्होंने ईश्वर के बारे में शिक्षा नहीं दी

(2) हाँ, अवश्य ही

(3) नहीं, क्योंकि उनकी शिक्षाओं में भक्ति-तत्त्वों का अभाव है

(4) इस विषय में सन्देह है

6. बुद्ध के समय में प्रचलित विचारों के विभिन्न सम्प्रदायों का विश्वास था

(1) आत्मा के पुनर्जन्म (आवागमन) में
(2) कर्म के सिद्धान्त में
(3) निर्वाण में
(4) उपर्युक्त सभी में

7. बुद्ध ने किस पर ज़ोर दिया ?

(1) ईश्वर की भक्ति पर
(2) कर्मकाण्ड पर
(3) प्रार्थना पर
(4) आचारशास्त्र तथा नैतिक नियमों पर

8. परिच्छेद के अनुसार बुद्ध की शिक्षाएँ मुख्य रूप से धर्मसम्बन्धी हैं,

(1) आध्यात्मिक गहराई के कारण

(2) नैतिक दृढ़ता के कारण

(3) क्योंकि विशुद्ध रूप से बौद्धिक नहीं हैं

(4) उपर्युक्त सभी के कारण

9. "उनके संदेशों की सार्वकालिक सार्थकता है ।" यह कथन है

(1) साधारण वाक्य
(2) मिश्रित वाक्य
(3) संयुक्त वाक्य
(4) सूक्ति

10. "बुद्ध की शिक्षाएँ मुख्य रूप से धार्मिक हैं" – इस वाक्य में 'मुख्य रूप से' यह शब्द है

(1) संज्ञा
(2) क्रिया
(3) विशेषण
(4) क्रिया-विशेषण

## SECTION II : LOGICAL & ANALYTICAL REASONING

***Directions (11 – 14) :*** *In the following questions an incomplete series of numbers, with one blank is given. Find out the best suited missing number from the given alternatives.*

**11.** 0, 3, 8, 15, _?_

(1) 18 (2) 20

(3) 22 (4) 24

**12.** 9, 18, 27, 36, _?_

(1) 45 (2) 125

(3) 54 (4) 46

**13.** 48, 63, 80, 99, _?_

(1) 118 (2) 120

(3) 121 (4) 130

**14.** 2, 9, 30, 93, 282, _?_

(1) 849 (2) 846

(3) 649 (4) 746

***Directions (15 – 18) :*** *In each of the following questions there are five groups of letters. First is the primary one, followed by four out of which one is different from the rest in some way. Identify this odd member.*

**15.** KIHG

a. PNML

b. YWVU

c. DMLK

d. GEDC

(1) a (2) b

(3) c (4) d

**16.** ANBO

a. CPDQ

b. ERFS

c. GTHS

d. IVJW

(1) a (2) b

(3) c (4) d

**17.** BDCE

a. DFEG

b. FHGI

c. HJIK

d. JLKN

(1) a (2) b

(3) c (4) d

## खण्ड II : तार्किक एवं विश्लेषणात्मक चिन्तन

***निर्देश (11 – 14) :*** *निम्नलिखित प्रश्नों में अंकों की एक अपूर्ण शृंखला दी गई है जिसके सदस्यों में एक सम्बन्ध है । दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त लुप्त पद की पहचान कीजिए ।*

**11.** 0, 3, 8, 15, ___?___

(1) 18 (2) 20

(3) 22 (4) 24

**12.** 9, 18, 27, 36, ___?___

(1) 45 (2) 125

(3) 54 (4) 46

**13.** 48, 63, 80, 99, ___?___

(1) 118 (2) 120

(3) 121 (4) 130

**14.** 2, 9, 30, 93, 282, ___?___

(1) 849 (2) 846

(3) 649 (4) 746

***निर्देश (15 – 18) :*** *निम्नलिखित प्रश्नों में अंग्रेजी वर्णमाला के वर्णों का समूह दिया गया है । पहला पद प्राथमिक या प्रश्न पद है जिसके बाद चार पद ऐसे हैं जिनमें तीन व प्रश्न पद सदृश हैं और एक सबसे भिन्न है । इस अनूठे पद को पहचानें ।*

**15.** KIHG

a. PNML

b. YWVU

c. DMLK

d. GEDC

(1) a (2) b

(3) c (4) d

**16.** ANBO

a. CPDQ

b. ERFS

c. GTHS

d. IVJW

(1) a (2) b

(3) c (4) d

**17.** BDCE

a. DFEG

b. FHGI

c. HJIK

d. JLKN

(1) a (2) b

(3) c (4) d

**18.** MLNO

a. DCEF

b. SRTU

c. HGIJ

d. VUXW

(1) a (2) b

(3) c (4) d

**19.** Reaching a place of interview on Friday, I found that I was two days earlier than the scheduled day. If I had reached there on the following Wednesday, how many days late would I have been ?


(1) 2 days (2) 3 days


(3) 4 days (4) 7 days

***Directions (20 – 24) :*** *In each of the following questions there are five figures. First is a reference figure. Among the answer figures one figure does not belong to the class to which the first figure belongs. Identify this odd figure.*

*Reference Figure :* *Answer Figures :*


**20.**






(1) (2) (3) (4)


**21.**






(1) (2) (3) (4)


**22.**






(1) (2) (3) (4)


**23.**






(1) (2) (3) (4)

**24.**





(1) (2) (3) (4)

**18.** MLNO

a. DCEF

b. SRTU

c. HGIJ

d. VUXW

(1) a (2) b

(3) c (4) d



**19.** किसी शुक्रवार वाले दिन साक्षात्कार स्थान पर पहुँचने पर पता चला कि मैं निश्चित दिन से दो दिन पहले आ गया हूँ । यदि मैं वहाँ अगले बुधवार को पहुँचता, तो मैं कितने दिन विलम्बित होता ?

(1) 2 दिन (2) 3 दिन



(3) 4 दिन (4) 7 दिन

***निर्देश (20 – 24) :*** *नीचे दिए गए प्रश्नों में पाँच आकृतियाँ दी गई हैं । प्रथम आकृति संदर्भित आकृति है तथा शेष चार में से तीन संदर्भित आकृति से मिलती हैं तथा एक चारों से भिन्न है । सबसे भिन्न इस आकृति की पहचान करें ।*



*सन्दर्भ आकृति :* *उत्तर आकृतियाँ :*

**20.**  



(1) (2) (3) (4)

**21.**  



(1) (2) (3) (4)

**22.**  

(1) (2) (3) (4)

**23.**  

(1) (2) (3) (4)

**24.**  

(1) (2) (3) (4)

***Directions (25 – 28) :*** *In each of the following questions, two statements are followed by two conclusions. Assuming that the first two statements are true (however absurd they may be), decide which of the two conclusions follows strictly from the given statements. Select the most appropriate alternative from the given ones.*

**25.** Some houses are flats.

None of the flats is vacant.

*Conclusions :*

I. Some houses are vacant.

II. Some vacant buildings are houses.

(1) Only I follows

(2) Only II follows

(3) Both I and II follow

(4) Neither I nor II follows

**26.** All mangoes are fruits.

All fruits are not eatables.

*Conclusions :*

I. Mangoes are not eatables.

II. Some mangoes are eatables.

(1) Only I follows

(2) Only II follows

(3) Both I and II follow

(4) Neither I nor II follows

**27.** All birds are mammals.

Mammals do not lay eggs.

*Conclusions :*

I. Birds do not lay eggs.

II. Some mammals are birds.

(1) Only I follows

(2) Only II follows

(3) Both I and II follow

(4) Neither I nor II follows

***निर्देश (25 – 28) :*** *निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनसे दो निष्कर्ष निकाले गए हैं । दिए गए दोनों कथनों को सत्य मानते हुए (चाहे ये कितने ही बेतुके क्यों न हों) आप यह बताएँ कि कौनसा निष्कर्ष तार्किक रूप से सही है । दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें ।*

**25.** कुछ मकान फ्लैट होते हैं ।

कोई भी फ्लैट खाली नहीं है ।

*निष्कर्ष :*

I. कुछ मकान खाली हैं ।

II. कुछ खाली बिल्डिंग मकान हैं ।

(1) केवल I सही है

(2) केवल II सही है

(3) I व II दोनों सही हैं

(4) I व II दोनों में से कोई भी सही नहीं है

**26.** सभी आम फल होते हैं ।

सभी फल खाने-योग्य नहीं होते हैं ।

*निष्कर्ष :*

I. आम खाने-योग्य नहीं होते हैं ।

II. कुछ आम खाने-योग्य होते हैं ।

(1) केवल I सही है

(2) केवल II सही है

(3) I व II दोनों सही हैं

(4) I व II दोनों में से कोई भी सही नहीं है

**27.** सभी पक्षी स्तनधारी हैं ।

स्तनधारी अण्डे नहीं देते हैं ।

*निष्कर्ष :*

I. पक्षी अण्डे नहीं देते हैं ।

II. कुछ स्तनधारी पक्षी हैं ।

(1) केवल I सही है

(2) केवल II सही है

(3) I व II दोनों सही हैं

(4) I व II दोनों में से कोई भी सही नहीं है

28. All men are rivers.

Some rivers are girls.

*Conclusions :*

I. Some girls may be boys.

II. Hira is not a girl, so he is a river.

(1) Only I follows
(2) Only II follows
(3) Both I and II follow
(4) Neither I nor II follows

29. Study the following table of words and their code to find a suitable decode for PSVW.

| Words | Codes |
|---|---|
| CRAB | MBKL |
| DUST | NECD |
| PONY | ZYXI |
| EVIL | OFSV |

(1) FILM

(2) ZEST

(3) FLIT

(4) SLIM

30. Which of the following is an odd one in the series ?

a. in
b. at
c. un
d. pre

(1) a

(2) b

(3) c

(4) d

28. सभी मनुष्य नदियाँ हैं ।
कुछ नदियाँ लड़कियाँ हैं ।
*निष्कर्ष :*
I. कुछ लड़कियाँ लड़के हो सकती हैं ।
II. हीरा लड़की नहीं है, इसलिए वह नदी है ।

(1) केवल I सही है
(2) केवल II सही है
(3) I व II दोनों सही हैं
(4) I व II दोनों में से कोई भी सही नहीं है

29. निम्नलिखित तालिका में शब्द व उनके कोड दिए हुए हैं । PSVW किस शब्द का कोड होगा ?

| शब्द | कोड |
|---|---|
| CRAB | MBKL |
| DUST | NECD |
| PONY | ZYXI |
| EVIL | OFSV |

(1) FILM
(2) ZEST
(3) FLIT
(4) SLIM

30. निम्नलिखित शृंखला में कौनसा सदस्य बेमेल है ?
a. in
b. at
c. un
d. pre
(1) a
(2) b
(3) c
(4) d

## SECTION III : EDUCATIONAL & GENERAL AWARENESS

***Directions** : Indicate the correct answer.*

**31.** India has been described by the Constitution as

(1) A union of states

(2) A federation of states

(3) Quasi-federal

(4) None of these

**32.** Which of the following is ***wrongly*** matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Qutub Minar | — | Aibak and Iltutmish |
| (2) | Red Palace | — | Balban |
| (3) | Alai Darwaja | — | Alauddin Khilji |
| (4) | Dhai Din Ka Jhonpara | — | Ibrahim Lodi |

**33.** The most dense planet of the Solar System is

(1) Sun (2) Jupiter

(3) Mercury (4) Earth

**34.** The first Indian Railway train journeyed between

(1) Bombay and Pune

(2) Pune and Ahmedabad

(3) Bombay and Thane

(4) Howrah and Kharagpur

**35.** In the manufacture of safety matches, which of the following materials is used to coat the two sides of the match-boxes ?

(1) Yellow phosphorus

(2) Red phosphorus

(3) Glue

(4) Glass powder

**36.** Which one of the following rights was described by B.R. Ambedkar as 'the heart and soul of the Constitution' ?

(1) Right to Freedom of Religion

(2) Right of Property

(3) Right to Equality

(4) Right to Constitutional Remedies

## खण्ड III : शैक्षिक एवं सामान्य चेतना

***निर्देश :*** *सही उत्तर चुनिए ।*

**31.** संविधान के अनुसार भारत को बताया गया है

(1) राज्यों का संघ

(2) राज्यों का समूह (फेडरेशन)

(3) अर्ध-समूह

(4) इनमें से कोई नहीं

**32.** निम्नलिखित में से किसका मिलान ***ग़लत*** है ?

(1) कुतुब मीनार – ऐबक तथा इल्तुतमिश

(2) लाल महल – बलबन

(3) अलाई दरवाजा – अलाउद्दीन खिलजी

(4) ढाई दिन का झोंपड़ा – इब्राहिम लोदी

**33.** सौर मण्डल का सर्वाधिक सघन ग्रह है

(1) सूर्य
(2) बृहस्पति
(3) बुध
(4) पृथ्वी

**34.** प्रथम भारतीय रेलगाड़ी की यात्रा निम्नलिखित में से किसके बीच हुई थी ?

(1) बम्बई तथा पूना

(2) पूना तथा अहमदाबाद

(3) बम्बई तथा थाने

(4) हावड़ा तथा खड़गपुर

**35.** सेफ्टी माचिस के निर्माण में निम्नलिखित में से कौनसी सामग्री माचिस के डिब्बे के दोनों ओर लगाने के लिए प्रयुक्त होती है ?

(1) पीला फॉस्फोरस

(2) लाल फॉस्फोरस

(3) सरेस (ग्लू)

(4) शीशे का पाउडर

**36.** निम्नलिखित में से किस अधिकार को बी.आर. अम्बेडकर ने 'संविधान की आत्मा और हृदय' बताया था ?

(1) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(2) सम्पत्ति का अधिकार

(3) समानता का अधिकार

(4) संवैधानिक उपचार का अधिकार

**37.** The production of cultured pearls is an important cottage industry of

(1) Belgium

(2) New Zealand

(3) Japan

(4) West India

**38.** The credit for integrating the Indian Princely States goes to

(1) Sardar Patel

(2) Pt. Nehru

(3) Dr. Rajendra Prasad

(4) Dr. Zakir Hussain

**39.** Who was the political guru of Mahatma Gandhi ?

(1) Dadabhai Naoroji

(2) Bal Gangadhar Tilak

(3) Madan Mohan Malviya

(4) Gopal Krishna Gokhale

**40.** Lambadis are concentrated in

(1) Kerala

(2) Andhra Pradesh

(3) Karnataka

(4) Orissa

**41.** The last Mughal Emperor was exiled by the British and sent to

(1) Andaman & Nicobar Islands

(2) Lhasa

(3) Rangoon

(4) Bangkok

**42.** The Servants of India Society was founded in 1905 by

(1) Madan Mohan Malviya

(2) Dadabhai Naoroji

(3) Motilal Nehru

(4) Gopal Krishna Gokhale

37. कल्चर्ड मोती का उत्पादन कहाँ का महत्त्वपूर्ण कुटीर उद्योग है ?

(1) बेलजियम

(2) न्यू ज़ीलैण्ड

(3) जापान

(4) पश्चिम भारत

38. भारतीय देशी राज्यों का एकीकरण करने का श्रेय किसको है ?

(1) सरदार पटेल

(2) पं. नेहरू

(3) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(4) डॉ. ज़ाकिर हुसैन

39. महात्मा गाँधी के राजनैतिक गुरु कौन थे ?

(1) दादाभाई नौरोजी

(2) बाल गंगाधर तिलक

(3) मदन मोहन मालवीय

(4) गोपाल कृष्ण गोखले

40. लम्बादी कहाँ केन्द्रित हैं ?

(1) केरल

(2) आन्ध्र प्रदेश

(3) कर्नाटक

(4) उड़ीसा

41. अंग्रेज़ों ने मुगलों के अन्तिम बादशाह को भारत से निष्कासित कर कहाँ भेजा था ?

(1) अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

(2) ल्हासा

(3) रंगून

(4) बैंकॉक

42. दी सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डिया सोसायटी की 1905 में स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?

(1) मदन मोहन मालवीय

(2) दादाभाई नौरोजी

(3) मोतीलाल नेहरू

(4) गोपाल कृष्ण गोखले

**43.** Sound travels fastest in

(1) air (2) water

(3) vacuum (4) steel

**44.** Which of the following is an east flowing river of the peninsula ?

(1) Narmada (2) Cauvery

(3) Mahanadi (4) Tapti

**45.** Which of the following peaks is ***not*** situated in the Himalayan range ?

(1) Nanda Devi (2) Godwin Austin

(3) Kanchenjunga (4) Dhaulagiri

**46.** The principle of Dynamo was discovered by

(1) Michael Faraday (2) Albert Einstein

(3) Max Planck (4) Sir Humphry Davy

**47.** The most important Rabi crop is

(1) Rice (2) Wheat

(3) Barley (4) Jute

**48.** A clock has marks only on its dial. What time is likely to be read in a plane mirror opposite to the clock, when the clock reads 4·25 ?

(1) 7·25 (2) 7·35

(3) 8·25 (4) 8·35

**49.** The national flagship programme — 'Sarva Shiksha Abhiyan' provides for

(1) Free and compulsory education to all children in the age group of 0 to 14 years

(2) Free and compulsory education to all children in the age group of 0 to 18 years

(3) Free and compulsory education to all children in the age group of 6 to 14 years

(4) Free and compulsory education to all children in the age group of 6 to 18 years

**50.** Integrated Child Development Scheme (ICDS) is run by

(1) Ministry of Human Resource Development

(2) Ministry of Women and Child Development

(3) Ministry of Rural Development

(4) Ministry of Child Labour

43. ध्वनि सर्वाधिक तीव्र गति से कहाँ गति करती है ?

(1) वायु (2) जल

(3) निर्वात (4) स्टील

44. निम्नलिखित में से कौनसी प्रायद्वीप की पूर्व दिशा की ओर बहने वाली नदी है ?

(1) नर्मदा (2) कावेरी

(3) महानदी (4) ताप्ती

45. निम्नलिखित में से कौनसी चोटी हिमालय शृंखला में स्थित ***नहीं*** है ?

(1) नन्दा देवी (2) गोडविन ऑस्टिन

(3) कंचनजंगा (4) धौलागिरि

46. डायनेमो के सिद्धान्त का आविष्कार किसने किया ?

(1) माइकल फैराडे (2) ऐल्बर्ट आइंस्टाइन

(3) मैक्स प्लैंक (4) सर हम्फ्री डेवी

47. सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण रबी की फसल है

(1) धान (2) गेहूँ

(3) जौ (4) जूट

48. एक घड़ी के केवल डायल पर चिह्न अंकित हैं । घड़ी के विपरीत रखे समतल दर्पण में कौनसा समय पढ़ा जाएगा जबकि घड़ी 4·25 का समय दर्शाती है ?

(1) 7·25 (2) 7·35

(3) 8·25 (4) 8·35

49. 'सर्व शिक्षा अभियान' नाम के राष्ट्रीय महत्त्व के कार्यक्रम को क्यों चलाया गया ?

(1) 0 से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा

(2) 0 से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा

(3) 6 से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा

(4) 6 से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों हेतु निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा

50. समेकित बाल विकास कार्यक्रम (ICDS) का संचालन किसके द्वारा होता है ?

(1) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(2) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

(3) ग्रामीण विकास मंत्रालय

(4) बाल श्रम मंत्रालय

51. Education is the subject of the following in the Constitution :

(1) State list

(2) Central list

(3) Concurrent list

(4) All of these

52. Education Commission in Independent India which comprehensively covered all segments of education was chaired by

(1) Dr. A.L. Mudaliar

(2) Dr. Triguna Sen

(3) Dr. S. Radhakrishnan

(4) Dr. D.S. Kothari

53. Significant recommendations about girls education were given by

(1) Triguna Sen Committee

(2) Gajendra Gadkar Committee

(3) Chief Ministers Conference

(4) Durgabai Deshmukh Committee

54. National Policy on Education (1986) had recommended state expenditure on education

(1) 8 percent of G.D.P.

(2) 4 percent of G.D.P.

(3) 6 percent of G.D.P.

(4) 10 percent of G.D.P.

55. The main concern of National Curriculum Framework – 2005 brought out by the NCERT has been

(1) Revision of the goals of education

(2) New methods of teaching

(3) Vocational education

(4) Reducing the academic burden on children

51. संविधान के अन्तर्गत निम्नलिखित में से शिक्षा किसका विषय है ?

(1) राज्य सूची
(2) केन्द्रीय सूची
(3) समवर्ती (कोंकरेंट) सूची
(4) इन सभी का

52. स्वतंत्र भारत में शिक्षा के सभी अंगों का विवेचन करने वाले शिक्षा आयोग की अध्यक्षता किसने की ?

(1) डॉ. ए.एल. मुदलियार
(2) डॉ. त्रिगुण सेन
(3) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(4) डॉ. डी.एस. कोठारी

53. बालिकाओं की शिक्षा के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण संस्तुति किसने की थी ?

(1) त्रिगुण सेन कमेटी
(2) गजेन्द्र गडकर कमेटी
(3) मुख्य मंत्रियों की कांफ्रेंस
(4) दुर्गाबाई देशमुख कमेटी

54. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) ने राज्य द्वारा शिक्षा पर व्यय करने की सिफारिश की

(1) G.D.P. का 8 प्रतिशत
(2) G.D.P. का 4 प्रतिशत
(3) G.D.P. का 6 प्रतिशत
(4) G.D.P. का 10 प्रतिशत

55. एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा (2005) में मुख्य विचारणीय विषय था

(1) शिक्षा के लक्ष्यों का पुनर्निर्धारण
(2) शिक्षण की नयी विधियाँ
(3) व्यावसायिक शिक्षा
(4) बच्चों के शैक्षिक भार को कम करना

## SECTION IV : TEACHING-LEARNING AND THE SCHOOL

***Directions** : Indicate the correct answer.*

**56.** What would be the most acceptable order in the process of class-room teaching (face-to-face) ?

(1) Presentation – Motivation – Practice – Evaluation

(2) Motivation – Presentation – Practice – Evaluation

(3) Motivation – Presentation – Evaluation – Practice

(4) Presentation – Motivation – Evaluation – Practice

**57.** Which will be the best way for concentrating the attention of the students in your class ?

(1) To ask them to behave properly

(2) To warn the whole class for the consequences

(3) To ask unruly students to go out

(4) To engage them in activity

**58.** School and community are inter-related to each other. Community can contribute to the school's development by

(1) providing services

(2) sending their wards

(3) providing financial help

(4) offering suggestion

**59.** Teacher's prime responsibility lies in

(1) planning good learning experiences

(2) communicating

(3) inducing learning

(4) keeping students active in the class

**60.** A teacher in the class should keep his speech

(1) with high volume

(2) intonated

(3) moderately average

(4) with volume sufficient to be heard by last row

## खण्ड IV : शिक्षण-अधिगम एवं विद्यालय

***निर्देश :*** *सही उत्तर चुनिए ।*

**56.** निम्नलिखित पद श्रृंखला कक्षा अध्यापन (छात्र-शिक्षक परस्पर सम्मुख) के लिए कौनसा क्रम सर्वाधिक स्वीकार्य होगा ?

(1) प्रस्तुतीकरण – अभिप्रेरणा – अभ्यास – मूल्यांकन

(2) अभिप्रेरणा – प्रस्तुतीकरण – अभ्यास – मूल्यांकन

(3) अभिप्रेरणा – प्रस्तुतीकरण – मूल्यांकन – अभ्यास

(4) प्रस्तुतीकरण – अभिप्रेरणा – मूल्यांकन – अभ्यास

**57.** आपकी कक्षा में छात्रों का ध्यान केन्द्रित करने के लिए कौनसा तरीका सबसे अधिक अच्छा होगा ?

(1) उन्हें उचित व्यवहार करने के लिए कहना

(2) परिणामों के बारे में सम्पूर्ण कक्षा को चेतावनी देना

(3) उच्छृंखल विद्यार्थियों को बाहर जाने के लिए कहना

(4) उन्हें क्रियाकलापों में व्यस्त रखना

**58.** विद्यालय व समुदाय एक-दूसरे से परस्पर सम्बंधित हैं । विद्यालय के विकास में समुदाय किस प्रकार योगदान कर सकता है ?

(1) अपनी सेवाएँ देकर

(2) अपने बच्चे भेजकर

(3) आर्थिक सहायता देकर

(4) अपने सुझाव देकर

**59.** शिक्षक की मुख्य जिम्मेदारी है

(1) अच्छे अधिगम अनुभवों की योजना बनाना

(2) संप्रेषण

(3) अधिगम को प्रभावी करना

(4) छात्रों को कक्षा में क्रियारत रखना

**60.** शिक्षक की आवाज अपनी कक्षा में कैसी होनी चाहिए ?

(1) उच्च व प्रबल

(2) सस्वर व सलय

(3) औसतन संतुलित

(4) इतनी ही प्रबल हो ताकि पिछली पंक्ति तक सुनाई दे

**61.** Which should be the most desirable behaviour of a teacher in the class ?

(1) To be a strict disciplinarian

(2) Having laissez-faire attitude

(3) To be democratic

(4) To be permissive in the class

**62.** The best way to handle a wrong answer given by a student would be

(1) to explain the subject matter in further detail to make him realize his mistake

(2) to explain why the answer is wrong

(3) to scold him for not learning the lesson well

(4) to ignore the wrong answer

**63.** 'Meta-cognition' is related to

(1) art of teaching

(2) knowing about environment

(3) art of learning

(4) None of the above

**64.** A student usually misbehaves. What should you do as a teacher ?

(1) Give a suitable rebuke

(2) Give example of some other students behaving properly

(3) Report the matter to parents

(4) Make sure he realises undesirability of his behaviour

**65.** Kindergarten approach is child-centred which is indebted to

(1) Dewey

(2) Froebel

(3) Montessori

(4) Spencer

61. कक्षाध्यापक का कक्षा में सर्वाधिक वांछनीय व्यवहार कैसा होना चाहिए ?

(1) अति नियमनिष्ठ

(2) अहस्तक्षेपनीय

(3) प्रजातांत्रिक

(4) कक्षा में उदारवादी

62. किसी छात्र द्वारा ग़लत उत्तर से निपटने का सर्वाधिक उपयुक्त तरीका होगा

(1) विषय-वस्तु की और विस्तृत व्याख्या जिससे उसे अपनी ग़लती का अहसास हो सके

(2) व्याख्या करना कि उत्तर ग़लत क्यों है

(3) पाठ अच्छी तरह न सीखने के लिए उसे फटकारना

(4) ग़लत उत्तर की अवहेलना करना

63. 'आप्लव-संज्ञान (मेटा-कॉग्निशन)' का सम्बन्ध है

(1) शिक्षण-कला से

(2) वातावरण को जानने से

(3) अधिगम कला से

(4) उपर्युक्त में से किसी के साथ नहीं

64. एक छात्र प्रायः अभद्र व्यवहार करता है । एक अध्यापक के रूप में उसके साथ आप कैसे पेश आएँगे ?

(1) उचित प्रति-उत्तर देंगे

(2) भद्र व्यवहार करने वाले कुछ अन्य छात्रों का उदाहरण देंगे

(3) अभिभावकों से शिकायत करेंगे

(4) यह सुनिश्चित करेंगे कि वह अपने अवांछनीय व्यवहार को महसूस करे

65. किंडरगार्टन एक शिशु-केन्द्रित शिक्षा है जिसका श्रेय जाता है

(1) ड्यूई को

(2) फ्रॉबेल को

(3) मॉंटेसरी को

(4) स्पेन्सर को

66. Which of the following does ***not*** support child-centred education ?

(1) Child is good by nature

(2) Child learns through experiences

(3) Child can only be taught by teacher

(4) Child should be exposed to suitable environment

67. Which of the following combination of sources of knowledge should be the most acceptable to a teacher ?

(1) Common sense, observation, rationality

(2) Observation, rationality and intuition

(3) Metacognition, rationality and introspection

(4) Intuition, observation and metacognition

68. The result of practice on the performance of skills has best its roots in

(1) frequent informations on success

(2) demonstration shown by experts

(3) summative evaluation

(4) knowledge of results to be achieved

69. If a student is restless sitting in the back row of the class and repeatedly stands, looks forward and takes notes, what can be the most probable cause for it ?

(1) It is his usual habit

(2) Blackboard writing is not legible

(3) The child wants to get the attention of the teacher

(4) The child may have defective vision

70. A teacher has to disseminate certain factual information of the subject he is teaching. What would be the best way ?

(1) Displaying the information on the board

(2) Organizing it into bodies of meaningful beads of information

(3) Distributing leaflets

(4) Dictating notes in the class-rooms

66. निम्नलिखित में से कौन बाल-केन्द्रित शिक्षा को प्रोत्साहन ***नहीं*** देता ?

(1) शिशु प्राकृतिक रूप से ही अच्छा है

(2) शिशु अनुभवों से सीखता है

(3) शिशु को केवल शिक्षक ही सिखा सकता है

(4) शिशु को उचित वातावरण से प्रतिपादित करना चाहिए

67. शिक्षक के लिए ज्ञान के स्रोतों का निम्नलिखित में से कौनसा संयोजन सर्वाधिक स्वीकार्य होना चाहिए ?

(1) सामान्य बोध, अवलोकन, यौक्तिक

(2) अवलोकन, यौक्तिक व अंतर्ज्ञान

(3) आप्लव-संज्ञान (मेटा-कॉग्निशन), यौक्तिक व अंतर्दर्शी

(4) अंतर्ज्ञान, अवलोकन व आप्लव-संज्ञान (मेटा-कॉग्निशन)

68. कौशल सीखने में अभ्यास के प्रभाव का उद्गम है

(1) सफलता की बारंबार सूचना देते रहना

(2) विशेषज्ञों द्वारा प्रदर्शन करना

(3) सांकलिक मूल्यांकन

(4) निष्पत्ति के परिणाम का ज्ञान देना

69. यदि कक्षा की पिछली पंक्ति में बैठा कोई विद्यार्थी बेचैन हो रहा हो और बार-बार खड़ा होता हो, आगे देखता हो तथा नोट्स लिख रहा हो, तो इसका सबसे सम्भव कारण क्या हो सकता है ?

(1) यह उसकी साधारण आदत है

(2) श्यामपट्ट की लिखाई पढ़ने योग्य नहीं है

(3) छात्र अध्यापक का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करना चाहता है

(4) छात्र की दृष्टि में दोष हो सकता है

70. कोई अध्यापक अपने पढ़ाने वाले विषय की कुछ तथ्यात्मक सूचनाएँ देना चाहता है । उसके लिए सर्वोत्तम तरीका क्या होगा ?

(1) सूचना पट्ट पर सूचनाओं को लिखवा दें

(2) इस सूचना को अर्थपूर्ण छोटी-छोटी सूचनाओं में आयोजित करें

(3) पर्चे बाँटें

(4) कक्षा में नोट्स लिखवाएँ

71. Why should there be discipline in any class-room ? (Select the best in your opinion)

(1) Children should feel that it is a legal requirement

(2) Children should realise that power rests with the teacher

(3) Children should perceive the benefits of an orderly world

(4) There are benefits in following rules

72. What would be your normal reaction to the novel idea presented by a student who called you a liar a day before ?

(1) You will accept it and praise it

(2) You will ask other students to examine it

(3) You will ignore it

(4) Knowingly correct, you will start examining it

73. If a student does not understand what is being taught, the teacher should

(1) repeat the lesson

(2) give more examples for practice

(3) ask for tuitions

(4) check up the previous knowledge

74. Which one of the following combinations would be the most effective study skills in social sciences ? [P $\rightarrow$ Preview; Q $\rightarrow$ Question; $3R_s \rightarrow$ Read, Recite, Review; $4R_s \rightarrow 3R_s$ + Reflect; S $\rightarrow$ Survey]

(1) S Q $3R_s$

(2) P Q $4R_s$

(3) S Q $4R_s$

(4) P Q $3R_s$

75. The best way to reform our examination system would be

(1) to have internal evaluation

(2) to have external evaluation

(3) to have both (1) and (2)

(4) to have none

**71.** किसी कक्षा में अनुशासन का होना क्यों आवश्यक है ? (आपके मतानुसार सर्वोत्तम को चुनें)

(1) बच्चों को अनुभव करना चाहिए कि यह एक कानूनी आवश्यकता है

(2) बच्चों को महसूस करना चाहिए कि शिक्षक में अधिकार निहित होता है

(3) बच्चों को व्यवस्थित जगत के फायदे समझ लेने चाहिएँ

(4) नियमों को मानने में फ़ायदे हैं

**72.** एक दिन पूर्व किसी छात्र ने आपको झूठा कहा । दूसरे दिन किसी प्रश्न के उत्तर में उसके द्वारा दिए गए अच्छे उत्तर में आपकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया क्या होगी ?

(1) आप इसे स्वीकार कर प्रशंसा करेंगे

(2) आप दूसरे छात्र द्वारा इसकी जाँच कराएँगे

(3) आप इसकी उपेक्षा कर देंगे

(4) यह जानते हुए भी कि उत्तर सही है, आप इसकी जाँच शुरू कर देंगे

**73.** यदि किसी विद्यार्थी को जो पढ़ाया जा रहा हो न समझ में आ रहा हो, तो अध्यापक को

(1) पाठ को दोबारा पढ़ाना चाहिए

(2) अभ्यास के लिए और उदाहरण देने चाहिएँ

(3) ट्यूशन के लिए कहना चाहिए

(4) पूर्व ज्ञान परीक्षण करना चाहिए

**74.** सामाजिक विज्ञान में अध्ययन कौशलों की निम्नलिखित शृंखलाओं में से सर्वाधिक प्रभावकारी शृंखला कौनसी होगी ? [P $\rightarrow$ पूर्वदर्शन; Q $\rightarrow$ प्रश्न; $3R_s$ $\rightarrow$ पढ़ना, पाठ उच्चारण करना, पुनर्अवलोकन; $4R_s \rightarrow 3R_s$ + चिन्तन; S $\rightarrow$ सर्वेक्षण]

(1) S Q $3R_s$

(2) P Q $4R_s$

(3) S Q $4R_s$

(4) P Q $3R_s$

**75.** हमारी परीक्षा प्रणाली में सुधार का सर्वोत्तम तरीका होगा

(1) आंतरिक मूल्यांकन

(2) बाह्य मूल्यांकन

(3) (1) व (2) दोनों

(4) इनमें से कोई भी नहीं

76. One of the following four terms does ***not*** belong to a category to which the other terms belong. Identify.

(1) Discovery learning

(2) Inductive

(3) From example to rule

(4) Expository learning

77. The controversy regarding admission to nursery schools arises as a result of

(1) Decision of Court

(2) Ganguly Committee Report

(3) New Education Policy

(4) Kothari Commission

78. Schools should be concerned with (Select the best)

(1) developing human resources for nation

(2) developing a knowledge respecting man

(3) preparing individual to live a decent life

(4) developing a good human for the nation

79. Co-curricular activities are useful to students because they are

(1) useful for all-round development of learner

(2) useful in fulfilling their deficiency in academics

(3) useful in students' self-expression

(4) useful in tapping their energy

80. The best way to appreciate students work would be to

(1) give the material rewards

(2) give them certificates

(3) display their work in schools

(4) give their parents rewards

**76.** निम्नलिखित चार पदों में से एक पद अन्य पदों से भिन्न है । पहचानें ।

(1) अन्वेषणिक अधिगम

(2) आगमनात्मक

(3) उदाहरण से नियम

(4) अभिदर्शित अधिगम

**77.** वर्तमान नर्सरी विद्यालयों में प्रवेश विवाद के मूल में है

(1) कोर्ट का फैसला

(2) गांगुली कमेटी रिपोर्ट

(3) नई शिक्षा नीति

(4) कोठारी कमीशन

**78.** विद्यालयों को ____________ से सम्बन्धित रहना चाहिए । (सर्वाधिक उपयुक्त का चयन करें)

(1) राष्ट्र के लिए मानव संसाधनों के विकास

(2) ज्ञान का सम्मान करने वाले मानव के विकास

(3) एक अच्छी जिंदगी जीने के लिए व्यक्ति को तैयार करने

(4) राष्ट्र के अच्छे मानव के विकास

**79.** छात्रों के लिए सहगामी क्रियाएँ उपयोगी हैं क्योंकि वे

(1) अध्येता के सर्वांगीण विकास में उपयोगी हैं

(2) उनकी शैक्षिक कमियों की पूर्ति करने में उपयोगी हैं

(3) विद्यार्थियों की स्व-अभिव्यक्ति में उपयोगी हैं

(4) उनकी क्षमता को प्रस्फुटित करने में उपयोगी हैं

**80.** विद्यार्थियों के काम को सराहने का सबसे अच्छा तरीका होगा कि

(1) उनको भौतिक पुरस्कार दिए जाएँ

(2) उन्हें प्रमाण-पत्र दिए जाएँ

(3) विद्यालयों में उनके कार्य का प्रदर्शन हो

(4) उनके अभिभावकों को पुरस्कार दिए जाएँ

## PART B

## SECTION V : SUBJECT COMPETENCE

### (i) SCIENCE

**81.** The following type of medicines are used for treating indigestion :

(1) Antibiotic (2) Analgesic

(3) Antacid (4) Antiseptic

**82.** A solution turns red litmus blue. Its pH is likely to be

(1) 1 (2) 4

(3) 5 (4) 9

**83.** Three resistors, each of 3 ohms resistance, are connected in parallel. The equivalent resistance of the combination is

(1) 1 ohm (2) 2 ohms

(3) 3 ohms (4) 9 ohms

**84.** The image of an object formed by a convex lens is inverted and equal in size. If 'f' is the focal length of the lens, it can be concluded that the object is placed at the following distance from the lens :

(1) f (2) 2f

(3) infinity (4) None of the above

**85.** A body has the following weights in different liquids :

6 N in liquid X
7 N in liquid Y
8 N in water
9 N in liquid Z

Which liquid has the highest density ?

(1) Liquid X (2) Liquid Y

(3) Water (4) Liquid Z

**86.** Pulses are not cooked properly in an open vessel on high mountains because on mountains

(1) the boiling point of water is reduced
(2) the boiling point of water is increased
(3) humidity is low
(4) humidity is high

# भाग ब

## खण्ड V : विषयगत सक्षमता

### (i) विज्ञान

**81.** अजीर्ण (कब्ज) दूर करने के लिए निम्नलिखित प्रकार की औषधियों में से कौनसी प्रयुक्त होती है ?

(1) ऐन्टीबायोटिक (2) ऐनाल्जेसिक

(3) ऐन्टासिड (4) ऐन्टीसेप्टिक

**82.** वह घोल जो लाल लिटमस को नीले में बदल देता है, उसका pH निम्नलिखित होने की सम्भावना है :

(1) 1 (2) 4

(3) 5 (4) 9

**83.** प्रत्येक 3 ohms प्रतिरोध (Resistance) वाले तीन प्रतिरोधक (Resistors) समानान्तर रूप से सम्बद्ध हैं । इस प्रकार के संयोजन का तुल्य प्रतिरोध (equivalent resistance) है

(1) 1 ohm (2) 2 ohms

(3) 3 ohms (4) 9 ohms

**84.** किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब जो उत्तल लेंस (कॉनवेक्स लेंस) से बनता है वह उल्टा (inverted) तथा आकार में समान होता है । यदि लेंस की फोकस दूरी 'f' है, तो इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वह वस्तु लेंस से निम्नलिखित दूरी पर रखी गई है :

(1) f (2) 2f

(3) अनन्तता (Infinity) (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** भिन्न-भिन्न द्रव पदार्थों (liquids) में किसी वस्तु के निम्नलिखित भार (weights) हैं :

6 N द्रव (Liquid) X में

7 N द्रव (Liquid) Y में

8 N जल में

9 N द्रव (Liquid) Z में

किस द्रव में सर्वाधिक घनत्व (Density) है ?

(1) द्रव (Liquid) X (2) द्रव (Liquid) Y

(3) जल (4) द्रव (Liquid) Z

**86.** ऊँचे पर्वतों पर खुले बर्तन में दालें ठीक तरह से नहीं पकतीं क्योंकि पर्वतों पर

(1) जल के उबलने का बिन्दु (Boiling point) कम हो जाता है

(2) जल के उबलने का बिन्दु (Boiling point) बढ़ जाता है

(3) आर्द्रता कम होती है

(4) आर्द्रता अधिक होती है

87. Normal conversation (as on Earth) between two persons on Moon is not possible because the Moon has

(1) no atmosphere
(2) low gravity
(3) low temperature
(4) high temperature

88. Doctors examine the patients using the following instruments :

(1) Pyrometer
(2) Barometer
(3) Stethoscope
(4) Thermoscope

89. The kidneys in human beings are mainly responsible for

(1) Nutrition
(2) Excretion
(3) Respiration
(4) Digestion

90. Which of the following is a plant hormone ?

(1) Insulin
(2) Thyroxin
(3) Oestrogen
(4) Cytokinin

91. In case of lightning the flash of light is seen first and then we hear thunder after some time because

(1) Speed of light is greater than that of sound
(2) Wavelength of light is greater than that of sound
(3) Frequency of light is greater than that of sound
(4) Place of origin of flash is nearer than that of sound

92. When a glass prism produces spectrum of white light the following phenomena are involved :

(1) Reflection and dispersion
(2) Refraction and diffusion
(3) Refraction and dispersion
(4) Dispersion and diffusion

93. A normal human eye forms the image of an object at its

(1) Iris
(2) Cornea
(3) Pupil
(4) Retina

87. चन्द्रमा के ऊपर दो व्यक्तियों के बीच पृथ्वी की तरह का सामान्य वार्तालाप सम्भव नहीं है क्योंकि चन्द्रमा में

(1) वातावरण नहीं होता
(2) गुरुत्वाकर्षण कम होता है
(3) तापमान कम होता है
(4) तापमान ज्यादा होता है

88. डॉक्टर रोगियों की परीक्षा निम्नलिखित उपकरणों का प्रयोग करके करते हैं :

(1) पाइरोमीटर
(2) बेरोमीटर
(3) स्टेथॉस्कोप
(4) थर्मोस्कोप

89. मनुष्यों के अन्दर वृक्क (Kidneys) मुख्य रूप से किसके लिए उत्तरदायी हैं ?

(1) पोषण
(2) मल-विसर्जन
(3) श्वसन
(4) पाचन (digestion)

90. निम्नलिखित में से कौनसा पादप हॉर्मोन है ?

(1) इंसुलिन
(2) थाइरॉक्सिन
(3) ऑइस्ट्रोजन
(4) साइटोकाइनिन

91. बिजली चमकने के समय रोशनी की चमक पहले दिखाई पड़ती है और कुछ समय बाद हम बिजली कड़कने की आवाज सुनते हैं । ऐसा इसलिए है क्योंकि

(1) ध्वनि की अपेक्षा प्रकाश की गति अधिक तीव्र होती है
(2) ध्वनि की अपेक्षा प्रकाश का तरंगदैर्घ्य (wavelength) अधिक होता है
(3) ध्वनि की अपेक्षा प्रकाश की आवृत्ति अधिक होती है
(4) ध्वनि की अपेक्षा चमक (flash) का उद्‌गम स्थल अधिक निकट होता है

92. जब कोई काँच प्रिज़्म श्वेत प्रकाश का वर्णक्रम (spectrum) उत्पन्न करता है, तो निम्नलिखित प्रक्रिया शामिल होती है :

(1) परावर्तन (Reflection) तथा प्रकीर्णन (Dispersion)
(2) अपवर्तन (Refraction) तथा विसरण (Diffusion)
(3) अपवर्तन (Refraction) तथा प्रकीर्णन (Dispersion)
(4) प्रकीर्णन (Dispersion) तथा विसरण (Diffusion)

93. किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब सामान्य मनुष्य के नेत्र के किस भाग पर बनता है ?

(1) आइरिस
(2) कॉर्निया
(3) प्यूपिल
(4) रेटिना

94. Which of the following groups contains a non-biodegradable item ?

(1) Grass, flowers and fruits

(2) Grass, wood and plastic

(3) Fruits, vegetables and cakes

(4) Grass, vegetables and wood

95. Depletion of ozone layer in our atmosphere is mainly caused by

(1) clouds

(2) sun

(3) hailstorm

(4) chlorofluorocarbons

96. Iodized salt reduces the chances of the following diseases :

(1) Cancer

(2) Goitre

(3) Diabetes

(4) Hypertension

97. Deuterium is an

(1) Isotope of hydrogen atom

(2) Isobar of hydrogen atom

(3) Isotope of helium atom

(4) Isobar of helium atom

98. Unit of power is

(1) Watt

(2) Joule

(3) Newton

(4) Watt/second

99. The device that uses ultrasonic waves to measure the distance, direction and speed of underwater objects is called

(1) Laser

(2) Radar

(3) Sonar

(4) Amplifier

100. The site of production of RBC in adult humans is

(1) Liver

(2) Heart

(3) Blood

(4) Bone marrow

94. निम्नलिखित में से किस वर्ग के अन्तर्गत अ-जैव-निम्नीकरणीय (Non-biodegradable) वस्तु हैं ?

(1) घास, पुष्प तथा फल

(2) घास, लकड़ी तथा प्लास्टिक

(3) फल, सब्जी तथा केक

(4) घास, सब्जी तथा लकड़ी

95. हमारे वातावरण में ओज़ोन परत के क्षरण (Depletion) का मुख्य कारण है

(1) बादल

(2) सूर्य

(3) ओला-वृष्टि

(4) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन

96. आयोडीनयुक्त नमक सेवन से निम्नलिखित में से किस रोग के होने की सम्भावनाएँ कम होती हैं ?

(1) कैंसर

(2) घेंघारोग (Goitre)

(3) मधुमेह

(4) तनाव (hypertension)

97. ड्यूटेरियम क्या है ?

(1) हाइड्रोजन परमाणु का आइसोटोप

(2) हाइड्रोजन परमाणु का आइसोबार

(3) हीलियम परमाणु का आइसोटोप

(4) हीलियम परमाणु का आइसोबार

98. शक्ति की इकाई क्या है ?

(1) वाट

(2) जूल (Joule)

(3) न्यूटन

(4) वाट/सेकण्ड

99. वह युक्ति (device) जो पानी के अन्दर की वस्तुओं की दूरी, दिशा तथा गति को मापने के लिए पराबैंगनी तरंगें उपयोग करती है, कहलाती है

(1) लेसर

(2) रेडार

(3) सोनार

(4) ऐम्प्लीफायर

100. प्रौढ़ मनुष्य के अन्दर आर.बी.सी. उत्पन्न करने का स्थान कौनसा है ?

(1) जिगर (Liver)

(2) हृदय

(3) रक्त

(4) अस्थि मज्जा

## (ii) MATHEMATICS

**101.** If $x = 9 - 4\sqrt{5}$, the value of $x^2 + \frac{1}{x^2}$ is

(1) 324
(2) 322
(3) 256
(4) 18

**102.** If $A = \frac{x+1}{x-1}$, the value of $A - \frac{1}{A}$ is

(1) $\frac{1}{x^2 - 1}$
(2) $\frac{2x^2}{x^2 - 1}$
(3) $\frac{2}{x^2 - 1}$
(4) $\frac{4x}{x^2 - 1}$

**103.** Three bells ring at intervals of 36 secs, 40 secs and 48 secs respectively. They start ringing together at a particular time. They will start ringing together again after

(1) 6 mins
(2) 12 mins
(3) 18 mins
(4) 24 mins

**104.** If the H.C.F. of polynomials $x^3 - 3x^2 + px + 24$ and $x^2 - 7x + q$ is $(x - 2)$, the value of $(p + q)$ is

(1) 0
(2) 20
(3) – 20
(4) 40

**105.** Two numbers are in the ratio 2 : 3. If 5 is added to each number, the ratio becomes 5 : 7. The smaller number is

(1) 10
(2) 15
(3) 20
(4) 25

**106.** The hypotenuse of a right triangle is 1 m less than twice the shortest side. If the third side is 1 m more than the shortest side, the shortest side of the triangle is

(1) 3 m
(2) 4 m
(3) 5 m
(4) 6 m

**107.** Divide 116 among four parts such that 5 added to first, 4 subtracted from second, third multiplied by 3 and fourth divided by 2 give the same result. The fourth part is

(1) 22
(2) 31
(3) 54
(4) 9

## (ii) गणित

**101.** यदि $x = 9 - 4\sqrt{5}$ हो, तो $x^2 + \frac{1}{x^2}$ का मान है

(1) 324 (2) 322

(3) 256 (4) 18

**102.** यदि $A = \frac{x+1}{x-1}$ हो, तो $A - \frac{1}{A}$ का मान है

(1) $\frac{1}{x^2 - 1}$ (2) $\frac{2x^2}{x^2 - 1}$

(3) $\frac{2}{x^2 - 1}$ (4) $\frac{4x}{x^2 - 1}$

**103.** तीन घण्टे (bells) 36 सेकण्ड, 40 सेकण्ड तथा 48 सेकण्ड के अन्तराल पर क्रमशः बजते हैं । एक विशेष समय पर सभी इकट्ठे बजे । बताइए दोबारा सभी इकट्ठे कितने समय पश्चात् बजेंगे ।

(1) 6 मिनट (2) 12 मिनट

(3) 18 मिनट (4) 24 मिनट

**104.** यदि बहुपदों $x^3 - 3x^2 + px + 24$ तथा $x^2 - 7x + q$ का महत्तम समापवर्तक $(x - 2)$ हो, तो $(p + q)$ का मान है

(1) 0 (2) 20

(3) $-20$ (4) 40

**105.** दो संख्याएँ 2 : 3 के अनुपात में हैं । यदि प्रत्येक संख्या में 5 जोड़ा जाए, तो अनुपात 5 : 7 हो जाता है । इनमें छोटी संख्या है

(1) 10 (2) 15

(3) 20 (4) 25

**106.** एक समकोण त्रिभुज का कर्ण त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा के दुगुने से 1 मी. कम है । यदि तीसरी भुजा सबसे छोटी भुजा से 1 मी. अधिक है, तो त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा है

(1) 3 मी. (2) 4 मी.

(3) 5 मी. (4) 6 मी.

**107.** 116 को चार भागों में इस प्रकार विभक्त कीजिए कि पहले भाग में 5 जोड़ने पर, दूसरे भाग से 4 घटाने पर, तीसरे भाग को 3 से गुणा करने पर तथा चौथे भाग को 2 से भाग करने पर समान संख्या प्राप्त होती हो । चौथा भाग है

(1) 22 (2) 31

(3) 54 (4) 9

108. The population of a town is 80000. If the population increases annually at the rate of 75 per 1000, the population of the town after 2 years will be

(1) 86000 (2) 92450

(3) 92540 (4) 92054

109. Three cubes each of volume 125 $cm^3$ are joined end to end to form a cuboid. The surface area of the resulting cuboid is

(1) 175 $cm^2$ (2) 200 $cm^2$

(3) 300 $cm^2$ (4) 350 $cm^2$

110. A solid right circular cone is 8 cm high and the radius of the base is 2 cm. The cone is melted and recast in a sphere. The diameter of the sphere is

(1) 2 cm (2) 3 cm

(3) 4 cm (4) 6 cm

111. The value of $\frac{2 \cos 67^\circ}{\sin 23^\circ} - \frac{\tan 40^\circ}{\cot 50^\circ} - \sin 90^\circ$ is

(1) 2 (2) – 2

(3) 1 (4) 0

112. From the top of a building 60 metres high the angles of depression of the top and bottom of a tower are observed to be 30° and 60°. The height of the tower is

(1) 20 m (2) 25 m

(3) 30 m (4) 40 m

113. The distance of the point (1, 2) from the midpoint on the line segment joining the points (6, 8) and (2, 4) is

(1) 4 (2) 5

(3) 6 (4) 8

114. A bag contains 5 red balls and some blue balls. If the probability of drawing a blue ball is double that of a red ball, the number of balls in the bag is

(1) 20 (2) 15

(3) 10 (4) 8

**108.** एक शहर की जनसंख्या 80000 है । यदि इसकी वार्षिक वृद्धि की दर 75 प्रति 1000 हो, तो दो वर्षों के पश्चात् शहर की जनसंख्या होगी

(1) 86000 (2) 92450

(3) 92540 (4) 92054

**109.** 125 घन सेमी आयतन के तीन समान घनों को परस्पर साथ रखकर किनारे से इस प्रकार से जोड़ा गया कि एक घनाभ बन गया । इस प्रकार बने घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल होगा

(1) 175 वर्ग सेमी (2) 200 वर्ग सेमी

(3) 300 वर्ग सेमी (4) 350 वर्ग सेमी

**110.** एक ठोस लम्ब वृत्तीय शंकु की ऊँचाई 8 सेमी है तथा आधार की त्रिज्या 2 सेमी है । इस शंकु को पिघलाकर एक गोला बनाया गया । गोले का व्यास है

(1) 2 सेमी (2) 3 सेमी

(3) 4 सेमी (4) 6 सेमी

**111.** $\frac{2\cos 67^\circ}{\sin 23^\circ} - \frac{\tan 40^\circ}{\cot 50^\circ} - \sin 90^\circ$ का मान है

(1) 2 (2) $-2$

(3) 1 (4) 0

**112.** 60 मी. ऊँची बिल्डिंग के शीर्ष से एक मीनार के शीर्ष तथा पाद के अवनमन कोण क्रमशः 30° तथा 60° हैं । मीनार की ऊँचाई है

(1) 20 मी. (2) 25 मी.

(3) 30 मी. (4) 40 मी.

**113.** बिन्दु (1, 2) की बिन्दुओं (6, 8) तथा (2, 4) को जोड़ने वाले रेखाखण्ड के मध्य-बिन्दु से दूरी है

(1) 4 (2) 5

(3) 6 (4) 8

**114.** एक थैले में 5 लाल गेंदें तथा कुछ नीली गेंदें हैं । यदि एक नीली गेंद को निकालने की प्रायिकता लाल गेंद को निकालने की प्रायिकता से दुगुनी हो, तो थैले में गेंदों की संख्या है

(1) 20 (2) 15

(3) 10 (4) 8

**115.** The average age of boys in a class is 13 years and the average age of girls in that class is 12·5 years. The average age of the whole class is 12·8 years. The ratio of the boys to the girls of that class is

(1) 1 : 2 (2) 2 : 3

(3) 2 : 1 (4) 3 : 2

**116.** Each side of a rhombus is 13 cm. If one of the diagonals is 24 cm, the length of the other diagonal is

(1) 10 cm (2) 12 cm

(3) 15 cm (4) 20 cm

**117.** The sum of the roots is equal to the product of the roots of the quadratic equation $2x^2 - (3k + 1) = k - 7$. The value of k is

(1) $\frac{2}{3}$ (2) $-\frac{2}{3}$

(3) $-\frac{3}{2}$ (4) $\frac{3}{2}$

**118.** The least number having four digits which is a perfect square is

(1) 1004 (2) 1016

(3) 1036 (4) None of these

**119.** A takes 10 days less than the time taken by B to finish a piece of work. If both A and B together can finish the work in 12 days, the time taken by B to finish the work is

(1) 30 days (2) 25 days

(3) 20 days (4) 15 days

**120.** The sum to n terms of an A.P. is given by $3n^2 + 3n$. The $5^{th}$ term of the A.P. is

(1) 36 (2) 30

(3) 24 (4) 18

**115.** एक कक्षा में बालकों की आयु का माध्य 13 वर्ष है तथा उस कक्षा में बालिकाओं की आयु का माध्य 12·5 वर्ष है । पूरी कक्षा की आयु का माध्य 12·8 वर्ष हो, तो उस कक्षा में बालकों तथा बालिकाओं का अनुपात है

(1) 1 : 2 (2) 2 : 3

(3) 2 : 1 (4) 3 : 2

**116.** एक समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा 13 सेमी है । यदि इस समचतुर्भुज का एक विकर्ण 24 सेमी हो, तो दूसरे विकर्ण की लम्बाई है

(1) 10 सेमी (2) 12 सेमी

(3) 15 सेमी (4) 20 सेमी

**117.** द्विघात समीकरण $2x^2 - (3k + 1) = k - 7$ के मूलों का योगफल मूलों के गुणनफल के समान है । k का मान है

(1) $\frac{2}{3}$ (2) $-\frac{2}{3}$

(3) $-\frac{3}{2}$ (4) $\frac{3}{2}$

**118.** चार अंकों की छोटी से छोटी संख्या जो कि पूर्ण वर्ग है, है

(1) 1004 (2) 1016

(3) 1036 (4) इनमें से कोई नहीं

**119.** किसी कार्य को पूरा करने में A को B से 10 दिन कम लगते हैं । यदि दोनों A तथा B मिलकर इस कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं, तो B को अकेले इस कार्य को करने में समय लगेगा

(1) 30 दिन (2) 25 दिन

(3) 20 दिन (4) 15 दिन

**120.** एक समांतर श्रेढ़ी के n पदों का योगफल $3n^2 + 3n$ है । इस समांतर श्रेढ़ी का पाँचवाँ पद है

(1) 36 (2) 30

(3) 24 (4) 18

## (iii) SOCIAL SCIENCE

**121.** Which amendment of the Constitution has provided constitutional status to Municipalities ?

(1) 52nd Amendment (2) 44th Amendment

(3) 74th Amendment (4) 76th Amendment

**122.** In the absence of both the President and the Vice President, who shall act as the President of India ?

(1) Prime Minister (2) Speaker of the Lok Sabha

(3) Chief Justice of India (4) Deputy Chairman of the Rajya Sabha

**123.** In which year did the industrial policy express the concept of a mixed economy for India ?

(1) 1948 (2) 1951

(3) 1954 (4) 1956

**124.** World Investment Report is an annual publication of

(1) UNCTAD (2) World Bank

(3) WTO (4) IMF

**125.** Panini and Patanjali are the renowned names in the Literary History of ancient India, and flourished in the dynasty of

(1) Pushyabhukti (2) Sungas

(3) Kushans (4) Guptas

**126.** Mahatma Gandhi was first referred to as the Father of the Nation by

(1) Vallabh Bhai Patel

(2) C. Rajagopalachari

(3) Jawaharlal Nehru

(4) Subhas Chandra Bose

**127.** Which is the westernmost limit of the Siwalik Hills ?

(1) Pir Panjal

(2) Potwar Basin

(3) River Kosi

(4) Morni Hills

## (iii) सामाजिक विज्ञान

**121.** संविधान के कौनसे संशोधन ने नगरपालिकाओं को सांविधानिक स्थिति प्रदान की है ?

(1) 52वें संशोधन (2) 44वें संशोधन

(3) 74वें संशोधन (4) 76वें संशोधन

**122.** राष्ट्रपति एवं उप-राष्ट्रपति दोनों की ग़ैर-मौजूदगी में कौन भारत के राष्ट्रपति का कार्यभार संभालेंगे ?

(1) प्रधान मंत्री (2) लोक सभा अध्यक्ष

(3) भारत के मुख्य न्यायाधीश (4) राज्य सभा के उपाध्यक्ष

**123.** कौनसे वर्ष में औद्योगिक नीति ने भारत के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था की संकल्पना को अभिव्यक्त किया ?

(1) 1948 (2) 1951

(3) 1954 (4) 1956

**124.** वर्ल्ड इनवेस्टमेंट रिपोर्ट, किसका वार्षिक प्रकाशन है ?

(1) यू.एन.सी.टी.ए.डी. (2) वर्ल्ड बैंक

(3) डब्ल्यू.टी.ओ. (4) आई.एम.एफ.

**125.** पाणिनी एवं पतंजलि प्राचीन भारत के साहित्यिक इतिहास के सुप्रसिद्ध नाम हैं जो निम्नलिखित में से किसके शासनकाल में काफ़ी आगे बढ़े ?

(1) पुष्याभुक्ति (2) शुंग

(3) कुषाण (4) गुप्त

**126.** महात्मा गाँधी को राष्ट्र-पिता का दर्जा सबसे पहले किसने दिया ?

(1) वल्लभ भाई पटेल

(2) सी. राजगोपालाचारी

(3) जवाहरलाल नेहरू

(4) सुभाष चन्द्र बोस

**127.** शिवालिक पर्वतों की सुदूर पश्चिमवर्ती सीमा कौनसी है ?

(1) पीर पंजाल (Pir Panjal)

(2) पोतवार बेसिन (Potwar Basin)

(3) कोसी नदी (River Kosi)

(4) मोरनी पर्वत (Morni Hills)

128. The mass of the Earth is about ______________ times of that of the Moon.

(1) 85 (2) 81

(3) 83 (4) 91

129. A stretch of sea water, partly or fully separated by a narrow strip from the main sea, is called a

(1) Bay (2) Isthmus

(3) Lagoon (4) Strait

130. The length of Equator is

(1) 6378 kms

(2) 6478 kms

(3) 7378 kms

(4) 8378 kms

131. The contemporaries of Kanishka are

(1) Kamban, Banabhatta, Asvagosha

(2) Nagarjuna, Asvagosha, Vasumitra

(3) Asvagosha, Kalidasa, Nagarjuna

(4) Asvagosha, Kamban

132. Which one of the following revenue items was collected only in cash under the Mauryas ?

(1) Kara (2) Bhaga

(3) Hiranya (4) Pranya

133. Indigenous banks are under the direct control of the

(1) State Bank of India

(2) Reserve Bank of India

(3) Regional Rural Banks

(4) None of these

128. पृथ्वी का द्रव्यमान (mass) चंद्रमा की तुलना में लगभग __________ गुणा है ।

(1) 85 (2) 81

(3) 83 (4) 91

129. समुद्री जल का फैलाव (Stretch) जो प्रमुख समुद्र से संकरी पट्टी (narrow strip) द्वारा पूर्णतया या आंशिक रूप से अलग हो जाता है, कहलाता है

(1) खाड़ी (Bay) (2) इस्थमस (Isthmus)

(3) लैगून (Lagoon) (4) जलसंयोगी (Strait)

130. भूमध्यरेखा (Equator) की लंबाई है

(1) 6378 किमी

(2) 6478 किमी

(3) 7378 किमी

(4) 8378 किमी

131. कनिष्क के समकालीन हैं

(1) कंबन, बाणभट्ट, अश्वघोष

(2) नागार्जुन, अश्वघोष, वसुमित्र

(3) अश्वघोष, कालीदास, नागार्जुन

(4) अश्वघोष, कंबन

132. निम्नलिखित में से कौनसी राजस्व मदों को मौर्य काल के दौरान सिर्फ नकदी के रूप में एकत्र किया जाता था ?

(1) कर (2) भाग

(3) हिरण्य (4) प्रण्य

133. स्वदेशी (Indigenous) बैंक, किसके प्रत्यक्ष नियंत्रण में हैं ?

(1) भारतीय स्टेट बैंक

(2) भारतीय रिजर्व बैंक

(3) प्रादेशिक ग्रामीण बैंक

(4) इनमें से कोई भी नहीं

**134.** It is impossible for a factor of production to earn economic rent if it

(1) is perfectly elastic demand

(2) is perfectly inelastic demand

(3) is not a fixed supply

(4) has more than a single use

**135.** Which one of the natural regions is known as the 'Bread Basket' of the world ?

(1) The Steppe region (2) The Mediterranean region

(3) The Monsoon region (4) The Equatorial region

**136.** Zawabits were concerned with

(1) Laws regulating mansab system

(2) State laws

(3) Laws regulating mint houses

(4) Agricultural taxes

**137.** Sir Thomas Roe was accredited ambassador of the King of England, to the Mughal Court. The King of England who sent him there was

(1) Charles I (2) Charles II

(3) James I (4) Henry VIII

**138.** Under which article of the Indian Constitution can the President of India be impeached ?

(1) Article 356 (2) Article 75

(3) Article 76 (4) Article 61

**139.** Who among the following initiated the Community Development Programme ?

(1) Balwant Rai Mehta

(2) K.M. Munshi

(3) Ashok Mehta

(4) S.K. Dey

**140.** The Treaty of Bassein was signed by the English with the

(1) Holkar

(2) Peshwa

(3) Scindia

(4) Bhonsle

134. उत्पादन कारक के लिए आर्थिक लगान (economic rent) अर्जित करना असंभव है यदि

(1) यह पूर्णतया लोच माँग है

(2) यह पूर्णतया बेलोच माँग है

(3) यह स्थिर आपूर्ति नहीं है

(4) इसके एक से अधिक प्रयोग हैं

135. निम्नलिखित में से कौनसा प्राकृतिक प्रदेश, विश्व के 'ब्रेड बास्केट' के रूप में जाना जाता है ?

(1) स्टेपी (Steppe) क्षेत्र

(2) भूमध्यसागरीय क्षेत्र

(3) मानसून क्षेत्र

(4) विषुवतीय क्षेत्र

136. जावाबिट (Jawabits) किससे सम्बद्ध थे ?

(1) मनसब व्यवस्था को नियंत्रित करने के नियम से

(2) राज्य नियम से

(3) टकसाल गृहों को नियंत्रित करने के नियम से

(4) कृषि सम्बन्धी कर से

137. सर थॉमस रो को इंग्लैण्ड के राजा ने मुग़ल दरबार में अपना दूत बनाकर भेजा था । इंग्लैण्ड के जिस राजा ने उन्हें भेजा था, उनका नाम था

(1) चार्ल्स I

(2) चार्ल्स II

(3) जेम्स I

(4) हेनरी VIII

138. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जा सकता है ?

(1) अनुच्छेद 356

(2) अनुच्छेद 75

(3) अनुच्छेद 76

(4) अनुच्छेद 61

139. निम्नलिखित में से किसने सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत की ?

(1) बलवंत राय मेहता

(2) के.एम. मुंशी

(3) अशोक मेहता

(4) एस.के. डे

140. बेसिन (Bassein) की संधि पर अंग्रेज़ों के साथ किसने हस्ताक्षर किए थे ?

(1) होल्कर

(2) पेशवा

(3) सिंधिया

(4) भोंसले

## (iv) ENGLISH

**141.** Choose the word opposite in meaning to 'Abundant'.

(1) Ample

(2) Enough

(3) Great

(4) Scant

**142.** Choose the word opposite in meaning to 'Cognizant'.

(1) Ruminate

(2) Unaware

(3) Abridge

(4) Cautious

**143.** The word 'adulation' means

(1) praise

(2) sarcasm

(3) rebuke

(4) purity

**144.** The word 'transient' means

(1) lasting

(2) momentary

(3) animated

(4) evidence

**145.** One who comes to settle down in a country from another country is called

(1) Visitor

(2) Immigrant

(3) Emigrant

(4) Tourist

**146.** One who looks at the dark side of things more often is called

(1) Optimist

(2) Pessimist

(3) Wanderer

(4) Monarch

**147.** Choose the correctly spelt word.

(1) Retrieve

(2) Retreive

(3) Ritrieve

(4) Ritreive

**148.** Choose the misspelt word.

(1) Dialoge

(2) Repertoire

(3) Perceive

(4) Accelerate

**149.** Choose what expresses the meaning of the phrase 'A white elephant'.

(1) Elephant of Kerala

(2) In disguise

(3) A snobbish person

(4) A useless or unwanted possession

**150.** Choose what expresses the meaning of the idiom 'Bury the hatchet'.

(1) Hunt for treasure

(2) Dig in the field

(3) Make peace

(4) Make war

**151.** Choose the passive voice of 'Who takes care of your infant sister ?'

(1) Your infant sister is taken care of by whose ?

(2) By whom will your infant sister be taken care of ?

(3) By whom was your infant sister taken care of ?

(4) By whom is your infant sister taken care of ?

**152.** Choose the correct indirect speech of

The teacher said to me, "Pay attention".

(1) The teacher asked me to pay attention.

(2) The teacher requested me to pay attention.

(3) The teacher paid attention to me.

(4) The teacher said to me to pay attention.

**153.** Choose the most appropriate word to fill in the blank in the sentence.

We are confident ____________ our victory.

(1) about

(2) in

(3) on

(4) of

**154.** Choose the most appropriate word to fill in the blank in the sentence.

Distribute the money ____________ yourselves equally.

(1) around

(2) within

(3) after

(4) among

**155.** Who wrote the poem *'The Second Coming'* ?

(1) Yeats

(2) Browning

(3) Wordsworth

(4) Byron

**156.** Who wrote the novel *'David Copperfield'* ?

(1) Austen

(2) Dickens

(3) Bronte

(4) Hardy

**157.** Who wrote the play *'Desire Under the Elms'* ?

(1) George Eliot

(2) Shakespeare

(3) Eugene O'Neill

(4) Bernard Shaw

**158.** Which of the following is ***not*** a romantic age poet ?

(1) Wordsworth

(2) Keats

(3) Browning

(4) Shelley

**159.** Gabriel Oak was the hero of the novel

(1) *Return of the Native*

(2) *Tess of d'Urbervilles*

(3) *Far from the Madding Crowd*

(4) *Mayor of Casterbridge*

**160.** According to the communicative approach, language is learnt best by

(1) learning how to translate

(2) practising the usage of language structure

(3) learning grammar and its usage

(4) using the four language skills in real life situations

## (v) हिन्दी

***प्र. सं. 161 से 165 के लिए निर्देश :*** *दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और बाद में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

मनुष्य का सुखी जीवन संतुलित प्राकृतिक पर्यावरण पर निर्भर करता है । मानव की बढ़ती जनसंख्या और तज्जन्य आवश्यकताएँ प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ रही हैं । पर्यावरण में दूषित तत्त्वों की मात्रा आवश्यकता से अधिक बढ़ जाती है तो पर्यावरण का यह असन्तुलन प्रदूषण का रूप ले लेता है । मानव की आवासीय, औद्योगिक नगरीकरण, कृषि उत्पादन में वृद्धि करने की समस्याओं ने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़कर प्रदूषण को बढ़ाया है । यातायात-साधनों की वृद्धि, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वातावरण में ऑक्सीजन की कमी और कार्बन डाइ-ऑक्साइड की वृद्धि हो गई है । पॉप संगीत और रॉक संगीत तथा हॉर्न बजाने से ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है । वातावरण को प्रदूषित कर हम अपनी मृत्यु को स्वयं ही निमंत्रण दे रहे हैं । प्रदूषण की वृद्धि के लिए मानव ही उत्तरदायी है । अतः इसके निवारण के लिए सर्वप्रथम अपने मानसिक प्रदूषण को दूर करना होगा । वृक्षारोपण, पेयजल-शुद्धीकरण, रासायनिक विस्फोटों पर नियंत्रण, कर्णभेदी ध्वनिविस्तारक यंत्रों, वाहनों और संगीत को रोकने के उपायों से मानव जीवन को प्रदूषणमुक्त बनाना होगा, तभी मानव जीवन सुखमय हो सकता है ।

*गद्यांश के अनुसार/आधार पर निम्नलिखित प्रश्न (161 से 165), संभावित उत्तर विकल्पों के साथ दिए गए हैं । सही विकल्प को चुनिए ।*

**161.** मानव जीवन को सुखी कैसे बनाया जा सकता है ?

(1) औद्योगीकरण से
(2) जनसंख्या नियंत्रण से
(3) संतुलित पर्यावरण से
(4) यातायात साधनों की वृद्धि से

**162.** 'अपनी मृत्यु को स्वयं निमंत्रण देने' का अभिप्राय क्या है ?

(1) आत्महत्या करना
(2) जीने की इच्छा छोड़ देना
(3) हताश हो जाना
(4) वातावरण को प्रदूषित करना

**163.** पर्यावरण असन्तुलन के लिए कौन उत्तरदायी है ?

(1) मानसिक प्रदूषण
(2) ध्वनि प्रदूषण
(3) वृक्षों की अंधाधुंध कटाई
(4) प्राकृतिक प्रकोप

**164.** कर्णभेदी संगीत से किस प्रकार का प्रदूषण होता है ?

(1) वायु प्रदूषण
(2) ध्वनि प्रदूषण
(3) पर्यावरण प्रदूषण
(4) मानसिक प्रदूषण

**165.** 'वृक्षारोपण' से प्रमुख लाभ क्या है ?

(1) मृदा संरक्षण
(2) जड़ी-बूटियों, औषधियों की पूर्ति
(3) वातावरण में वायुशुद्धि
(4) रेगिस्तान वृद्धि की रोकथाम

***प्र. सं. 166 से 180 के लिए निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तरों के चार-चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से सही विकल्प को चुनिए ।*

**166.** विद्यापति की रचना किस भाषा में है ?

(1) ब्रजभाषा (2) अवधी

(3) खड़ी बोली (4) मैथिली

**167.** इनमें से किस भाषा की लिपि देवनागरी ***नहीं*** है ?

(1) नेपाली (2) मराठी

(3) संस्कृत (4) पंजाबी

**168.** 'मृगनयनी' उपन्यास किसकी कृति है ?

(1) मुंशी प्रेमचन्द

(2) वृन्दावनलाल वर्मा

(3) कमलेश्वर

(4) फणीन्द्रनाथ रेणु

**169.** अष्टछाप के कवियों का प्रतिपाद्य विषय क्या है ?

(1) छन्दशास्त्र (2) अलंकारशास्त्र

(3) नायिकाभेद-वर्णन (4) श्रीकृष्णलीला

**170.** कौनसी वर्तनी शुद्ध ***नहीं*** है ?

(1) श्रृंगार (2) आशीर्वाद

(3) आनन्द (4) पूजनीय

**171.** अभिलेखागार किसे कहते हैं ?

(1) चिड़ियाघर

(2) कारागार

(3) सरकारी दस्तावेज संरक्षण स्थान

(4) फिल्म निर्माण करने का स्थल

**172.** यदि एक छात्र एक विद्यालय से जाकर दूसरे विद्यालय में प्रवेश ले तो उसे किस प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती है ?

(1) प्रजनन प्रमाण-पत्र

(2) निष्क्रमण प्रमाण-पत्र

(3) प्रदूषण प्रमाण-पत्र

(4) इनमें से कोई नहीं

**173.** 'तपोधन' शब्द जिस सन्धि नियम से बना है उसी नियम से बना इन शब्दों में से कौनसा शब्द ***नहीं*** है ?

(1) यशोधन (2) मनोयोग

(3) गोधन (4) तपोवन

**174.** इनमें से कौनसा वाक्य शुद्ध है ?

(1) मकान गिर जाने का संदेह है ।

(2) वे बड़े अच्छे अध्यापक हैं ।

(3) तुम ने अब तक कुछ नहीं करा है ।

(4) उस पर घड़ों पानी पड़ गया ।

**175.** 'बुरी तरह हराने' के अर्थ में कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त होता है ?

(1) लोहे के चने चबाना

(2) दाँत खट्टे करना

(3) पाँव उखड़ जाना

(4) मुँह की खाना

**176.** इनमें से तत्पुरुष समास किस शब्द में है ?

(1) भयभीत (2) भरपेट

(3) विद्याधन (4) पंचवटी

**177.** 'आराधना' का विशेषण होगा

(1) आराधिका (2) आराधित

(3) आराध्य (4) आराधनिक

**178.** उदित उदय गिरि मंच पर, रघुवर बाल पतंग ।
विकसे सन्त सरोज सब, हरषे लोचन भृंग ॥

इस दोहे में रेखांकित पदों में कौन-सा अलंकार है ?

(1) उपमा

(2) उत्प्रेक्षा

(3) रूपक

(4) श्लेष

**179.** प्रश्न 178 के दोहे में 'सूर्य' किस शब्द का अर्थ है ?

(1) उदय गिरि

(2) पतंग

(3) विकसे

(4) लोचन

**180.** 'जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम'
इस काव्य-पंक्ति का भावार्थ क्या है ?

(1) विनयशील व्यक्ति मृत्यु को प्राप्त होता है ।

(2) बाधाओं से झुकने पर सफलता मिलती है ।

(3) संघर्षों में डटने वाला ही सफल होता है ।

(4) वृक्ष की डाली पर लगा हुआ पुष्प सुन्दर लगता है ।